# आदेश पत्रक

(देखें अभिलेख हस्तक, 1941 का नियम 129 )

आदेश पत्रक सं0– ........................................................................ से ........................................................

जिला – गिरिडीह, अंचल – धनवार, विविध वाद सं0– 32/सन–2025– 26

केस का प्रकार – विविध वाद

| आदेश का क0 सं0 और तारिख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 28.06.2025 | –:आदेशः –<br>यह विविध वाद अभिलेख सं0– 32/2025– 26 आवेदक हिरालाल राणा, पिता– एतवारी राणा, साकिन– बरजो, थाना– धनवार, जिला– गिरिडीह के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में अंचल निरीक्षक, धनवार के माध्यम से राजस्व उपनिरीक्षक हल्का सं0– 06, श्री रामलखन मिस्त्री के द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन के आधार पर संधारित किया गया है।<br>राजस्व उपनिरीक्षक, हल्का सं0– 06, श्री रामलखन मिस्त्री ने अंचल निरीक्षक, धनवार के माध्यम से प्रतिवेदित किया है कि आवेदित भूमि मौजा– बरजो, थाना नं0– 248, खाता सं0– 28, प्लॉट नं0– 63 एवं अन्य, रकवा– 1.80 एकड़ सर्वे खतियान रैयती डोमन राना वगै0 के नाम से दर्ज है।<br>आगे प्रतिवेदित करते है कि हल्का में उपलब्ध पंजी– II से मिलान करने पर पता चला कि भाग सं0– I, पृष्ठ सं0– 530 क्षतिग्रस्त है। केवाला सं0– 5776, दिनांक– 06.06.51 एवं लगान रसीद वर्ष 1969 – 70 आवेदन के साथ संलग्न है।<br>पुनः प्रतिवेदित किया गया है कि अंचल अमीन से मापी के पश्चात दखल कब्जा स्पष्ट होने के उपरान्त नियमानुसार अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सकती है।<br>राजस्व उपनिरीक्षक, हल्का सं0– 06, श्री रामलखन मिस्त्री/अंचल अमीन /अंचल निरीक्षक, धनवार के द्वारा नक्शा सहित मापी –सह– दखल कब्जा प्रतिवेदन प्राप्त है। प्रतिवेदन अनुसार 1.7775 एकड़ भूमि पर जमाबंदी रैयत के जीवित वारिशान दखलकार है।<br>जमाबंदी रैयत के जीवित वारिशानों ने शपथ पत्र सं0–176, दिनांक– 26.06.2025 के माध्यम से शपथपूर्वक बयान दिया है कि उपरोक्त जमाबंदी के 1.7775 एकड़ भूमि का ऑनलाईन जमाबंदी कायम करनें में उन्हें कोई आपत्ति नहीं है तथा भविष्य में भी कोई आपत्ति नहीं करेंगे।<br>वादगत भूमि का ऑनलाईन पंजी– II में जमाबंदी कायम करने के निमित आम इस्तेहार निर्गत कर आपत्ति की मांग की गई। निर्धारित तिथि तक किसी के द्वारा कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है।<br>राजस्व उपनिरीक्षक, हल्का सं0– 06, श्री रामलखन मिस्त्री/अंचल अमीन /अंचल निरीक्षक, धनवार से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन एवं मापी –सह– दखल–कब्जा संबंधित प्रतिवेदन, आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए लगान रसीद तथा शपथ पत्र सं0– 176, दिनांक– 26.06.2025 और आम इस्तेहार के उपरान्त कोई आपत्ति अप्राप्त रहने की स्थिति में अंचल धनवार अन्तर्गत मौजा– बरजो/248 के ऑनलाईन पंजी–II में खाता सं0– 28, प्लॉट नं0– 163 एवं अन्य, रकवा– 1.7775 एकड़ भूमि की ऑनलाईन जमाबंदी कायम करने का आदेश दिया जाता है।<br>लेखापित एवं संशोधित।<br>28.06.25<br>**अंचल अधिकारी,**<br>**धनवार।**<br>28.06.25<br>**अंचल अधिकारी,**<br>**धनवार।** | |

Digitally signed by Gulzar Anjum
Date: 2025.06.28 19:42:40 +05:30
Location: 192.168.137.1